भारत की सबसे बड़ी परियोजना निर्यातक कम्पनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने यमन गणराज्य से गैस टरबाइन आधारित पावर प्लांट का ऑर्डर प्राप्त कर मध्य पूर्व क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है । यह ऑर्डर कम्पनी ने अन्तर्राष्ट्री प्रतिस्पर्दा बिडिंग (आईसीबी) में रूस, कोरिया और साउदी अरब व अन्य देशों से कड़ी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्दा में प्राप्त किया है ।

436 मिलियन अमरीकी डालर का यह ईपी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कन्स्ट्रकशन) ऑर्डर, बीएचईएल को यमन के विद्युत एवं ऊर्जा मंत्रालय के आधीन पब्लिक इलेक्ट्रीसिटी कॉर्पोरेशन (पीईसी) ने मरीब गैस आधारित पावर परियोजना चरण-2 हेतु सौंपा है । बीएचईएल और पीईसी के बीच इस अनुबन्ध पर हस्ताक्षर यमन गणराज्य के माननीय प्राधनमंत्री के कार्यालय में एह एक समारोह में हुए इस अवसरपर भारत के यमन में नियुक्त राजदूत, यमन क कई मंत्री सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति भी उपस्थित थे ।

उल्लेखनीय है कि बीएचईएल द्वारा प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय मार्किट में यह गैस टरबाइन आधारित पावर प्लांट हेतु प्राप्त सबसे अधिक मूल्य का ऑर्डर है और यमन मार्किट में बीएचईएल की यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है । यह परियोजना अरब फंड फॉर इक्नोमिक्स एन्ड सोशल डवलपमेंट, दि साउदी फंड फॉर डवलपमेंट और यमन सरकार द्वारा पोषित की गई हे ।

यमन में इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में बीएचईएल की सहभागिता का लक्ष्य, यमन में औद्योगीकरण है जिससे इस देश का समाजिक विकास में मदद

मिलेगी । यमन गणराज्य, अगले 4-5 साल में अन्य अतिरिक्त 3000 मेगावाट स्थापित क्षमता के उत्पादन की योजना बना रहा है जिससे बीएचईएल को अपने प्रचालनों में वृद्धि के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे ।

अपनी घरेलू मार्किट में अति सुदृढ़ स्थिति के साथ बीएचईएल अन्तर्राष्ट्रीय मार्किट में प्रमुख विश्वव्यापी प्रतिभागी बनने हुत लम्बे डग भर रही हे । कम्पनी ने अन्तर्राष्ट्री व्यापार क्षेत्रों को केन्द्रित कर लिया है और कम्पनी की यह रणनीति प्रचूर मात्रा में लाभप्रद साबित हो रही है ।

बीएचईएल को 1,00,000 मेगावाट से अधिक पावर प्लांट उपस्करों की आपूर्ति व स्थापना करने का प्रचूर व विवधि अनुभव है और इसने विश्व के सभी महाद्वीपों के 70 से अधिक देशों में अपनी पहचान स्थापित कर ली है । अभी तक बीएचईएल को विदेशी मार्किट से कुल 12,500 मेगावाट से अधिक परियोजनाओं के ऑर्डर प्राप्त हो चुके हैं । बीएचईएल इस समय 23 देशों में 45 परियोजनाओ को निष्पादित कर रही है, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, लीअिया, सीरिया और सूडान के प्रमुख टर्न-की ऑर्डर शामिल है ।

बीएचईएल की तकनीकी सक्षमताओं की पूरे विश्व में सराहना हुई है और कम्पनी ने एक विश्वव्यापी प्रतिभागी बनने हेतु नियोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में महत्वपूर्ण उद्यम करने शुरू कर दिये हैं, जिसमें मौजूदा मार्किट में समेकन द्वारा अपने वर्तमान उतपादों और सेवओं का विस्तार करना,

अपने निर्यात आधार को फैला कर और नये बाजारों में प्रवेश करना शामिल है । विदेशी मार्किट में भविष्य वृद्धि हेतु नीतिगत व्यापार पहलें, जिसमें विश्वव्यापी मार्किट यूटिलिटि और आईपीपी दोनों खंडों में बीएचईएल की आईपीसी कॉन्ट्रेक्टर रूप में स्थिति सुदृढ़ करना और विदेशी संयुक्त उद्यमों एवं मार्केटिंग कार्यालयों की स्थापना कर विभिन्न अवसरों का लाभ उठाना है । अपनी असाधारण निर्यात निष्पादन के लिए बीएचईएल ने हाल ही में इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन कांउसिल (ईईपीसी) का लगातार बीसवें वर्ष "टॉप एक्सपोर्ट अवॉर्ड" प्राप्त किया है।